# शिक्षण संस्थानों में अल्पसंख्यकों को आरक्षण के पक्ष में है सरकार

नई दिल्ली, 16 जनवरी (भाषा)। सरकार ने आज कहा कि वह शिक्षण संस्थानों तथा सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यकों को आरक्षण मुहैया कराने की संभावनाएं तलाश रही है।

राज्य अल्पसंख्यक आयोगों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल ने कहा कि अनुसूचित जाति तथा जनजातियों को शिक्षण संस्थानों तथा सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अब अल्पसंख्यकों को भी आरक्षण दिए जाने की मांग हो रही है। पाटिल ने कहा, 'यह मांग हो रही है। सवाल यह है कि क्या ऐसा किया जा सकता है। हमें इस बारे में विचार करना होगा और यह पता लगाने की कोशिश करनी होगी कि कैसे बढ़िया तरीके से यह किया जा सकता है।'




बुधवार को नयी दिल्ली में आयोजित राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष एम.एस.कुरैशी

गृह मंत्री ने कहा, 'हम नहीं कह सकते कि ऐसा नहीं किया जा सकता। इस वर्ग के लोगों की सहायता के लिए जो कुछ भी किया जा सकता है किया जाना चाहिए।' उन्होंने साथ ही कहा, 'सरकार किसी अंतिम नतीजे पर पहुंचे बिना इन सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।' पाटिल ने कहा कि अल्पसंख्यकों को संरक्षण प्रदान करना किसी भी सरकार की जिम्मेदारी होती है ताकि देश एकजुट रहे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए पर्याप्त योजनाएं तथा कोष हैं, लेकिन उन्हें लागू करने के लिए पर्याप्त श्रमशक्ति नहीं है।पाटिल ने कहा, 'मुझे पुख्ता जानकारी नहीं है कि इन योजनाओं को लागू करने के लिए हमारे पास पर्याप्त मशीनरी है या नहीं या इन्हें लागू करने के लिए जो प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए वह उपलब्ध है या नहीं।' राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष एम.एस.कुरैशी ने कहा कि सरकार के पूरे प्रयासों के बावजूद विभिन्न योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को नहीं मिल रहा है।उन्होंने कहा, 'अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण के रास्ते की कमियों को दुरूस्त करने के लिए 11वीं पंचवर्षीय योजना में सराहनीय प्रयास किए गए हैं। लेकिन यह निराशाजनक है कि अल्पसख्यक उप योजना के सृजन संबंधी आयोग की सिफारिश को दस्तावेज में स्थान नहीं दिया गया है।' पाटिल ने कहा कि इसका समाधान यही है कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों तक सीधे पहुंचा जाए। इसलिये कि उन्हें विकास कार्यक्रमों की जानकारी कभी कभार ही होती है।

इससे उन्हें योजनाओं के लाभ हासिल करने के लिए विभिन्न एजेंसियों तक पहुंचने में सक्षम बनाया जा सकता है।कुरैशी ने कहा कि आयोग के पास अल्पसंख्यकों के अधिकारों के हनन तथा भेदभाव संबंधी शिकायतों की स्वतंत्र रूप से जांच करने के लिए अधिकार नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'यदि आयोग को अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका अदा करती है तो इसकी वित्तीय शक्तियों तथा श्रम शक्ति को बढ़ाया जाना चाहिए।'


**खुदा या भगवान ने चाहा तो खून के आँसू पीने नहीं दूंगा**
2001 से उसी स्थान पर स्थित रहकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं ।
हर समस्या का 100% लाभ, प्रत्येक समस्याओं का समाधान एक स्थान पर पिछले 7 वर्षों से किया जा रहा है
FEES: RS. 101/- ONLY
कारोबार, विदेश यात्रा, प्रेम-विवाह, पति-पत्नी क्लेश, पारिवारिक समस्या, कोर्ट-कचेरी, सौतन से छुटकारा, जादू -टोना किसी ने कुछ करा दिया, दुश्मन से हिफाजत, किसी ने कुछ खिलाया हो संतान का न होना, बीमारी में दवा का न लगना, सब समस्याओं का मुकम्मल ईलाज
Specialit in Vashikaran etc.
**मिया मूसाजी** (10 बजे से 5 बजे)
1-1-261/29 सुनंदा होटल के सामने, चिक्कड़पल्ली, हैदराबाद ।
Mobile : 98485 75939 Tel: 27670641



**जैसा चाहोगे वैसा होगा अगर मेरे किये काम को कोई ज्योतिष, पंडित तांत्रिक या मुल्ला मोलवी काट दे उसे मुह मांगा इनाम**
मनचाहा वशीकरण, कारोबार में रुकावट, नौकरी, गृह क्लेश, विदेश यात्रा, शादी में रुकावट, संतान प्राप्ति, पढ़ाई में मन न लगना, प्यार में नाकामी, कर्ज, प्रेम विवाह, कोर्ट-कचहरी, किसी ने कुछ कराया हो, सौतन से छुटकारा, बीमारी में दवा न लगना, भूत-प्रेत, जादू-टोना, मुठकरनी जैसे आदि समस्याओं के समाधान के लिए तुरन्त मिलें ।
FEES: RS. 151/- ONLY
**आशिफ शाह बंगाली** (10 बजे से 5.30 बजे)
श्री लक्ष्मी काम्प्लेक्स, पहला माला, नियर स्वागत रेस्टोरेंट, यादगिरी टॉकिज के बाजू, संतोषनगर, हैदराबाद। Mobile : 9291264069, 9247704118


# तेल अवीव विश्वविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

तेल अवीव, 16 जनवरी (भाषा)। तेल अवीव विश्वविद्यालय में साहित्य प्रेमियों ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया। उन्होंने यह समारोह भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में एकीकरण की शक्ति के रूप में भाषा को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी को समर्पित किया। विश्वविद्यालय के तीसरे साल के पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा में एक लघु नाटक का मंचन किया जिसमें कस्तूरबा राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी के विकास पर जोर देने तथा इस प्रक्रिया की जटिलता को लेकर बापू से सवाल करती हैं। गांधी की भूमिका निभा रहे विद्यार्थियों ने इन सवालों के जवाब में बापू के वचन उद्धृत किये और राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी के बारे में उनकी सोच पर रोशनी डाली।इस मौके पर हिब्रू विश्वविद्यालय में भारतीय अध्ययन विभाग के अध्यक्ष योहानन ग्रिंशपोन ने कहा, 'महात्मा ने जो शिक्षा दी थी वह आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गयी है।' गांधी पर ग्रिंसपोन की कई किताबें और लेख प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने गांधी पर एक लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम का निर्माण भी किया है। ग्रिंशपोन ने कहा, 'दुनिया एक वैश्विक ग्राम बनती जा रही है लिहाजा वैश्विक एकता पर गांधी का दर्शन और अधिक प्रासंगिक हो गया है और दुनिया भर के लोग इसे मान रहे हैं।' इजरायल में भारत के राजदूत अरुण कुमार सिंह ने हिंदी को बढ़ावा देने में विभिन्न इजरायली विश्वविद्यालयों के भारतीय अध्ययन विभागों की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने इजरायल में हिंदी को लोकप्रिय बनाने में शिक्षक गेनाडी श्लोम्पर के प्रयासों की भी सराहना की। श्लोम्पर को न्यूयार्क में आठवें विश्व हिंदी सम्मेलन में सम्मानित किया गया था। सिंह ने हिंदी निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया। भारतीय दूतावास ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को हिंदी की पुस्तकें भेंट कीं। दूतावास ने प्रतिभागियों को टी-शर्ट भी वितरित कीं जिन पर लिखा था, 'आंख के बदले आंख लेने की भावना से पूरी दुनिया अंधी हो जायेगी।' समारोह का समापन महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' के गायन से हुआ।


Now Download Latest Cinema Songs RING TONES in your mobile वार्त

| ID | Title | Album |
|---|---|---|
| v1418 | Kariye_na | Taal |
| v1417 | Kahin_Aag_Lage | Taal |
| v1416 | Ishq_Bina | Taal |
| v1423 | Aa_ab_laut_chale | Aa Ab Laut Chalen |
| v1780 | Tumse_Kahen | Bride And Prejudice |
| v1778 | No_Life_Without_Wife | Bride And Prejudice |
| v265 | Maar_dala | Devdas |
| v268 | Dola_re_dola | Devdas |
| v267 | Chalak_chalak | Devdas |
| v1776 | Balle_balle | Bride And Prejudice |
| v1677 | Kabhi_Khushi_Kabhi_Gham | Kabhi Khushi Kabhi Gham |
| v1675 | Bole_chudiyaan | Kabhi Khushi Kabhi Gham |
| v4515 | Paathshaala | Rang De Basanti |
| v4517 | Rubaroo | Rang De Basanti |
| v4516 | Rang_de_basanti | Rang De Basanti |
| v5431 | Ghunghat_Ki_Aad_Se | Hum Hain Rahi Pyar Ke |
| v1951 | Rhim_jhim | 1942 - A Love Story |
| v3858 | Neele_neele_ambar_par | Kalakaar |
| v3855 | Chanda_re | Sapnay |
| v2741 | Tujhko_pukare | Tujhko Pukare |
| v2526 | Sun_zara | Sun Zara |
| v1986 | Ae_chand_teri | Tera Jadu Chal Gaya |
| v2441 | Jiya_dhadak | Kalyug |
| v2439 | Aadat | Kalyug |
| v623 | Chand_sitare | Kaho Naa Pyaar Hai |
| v1854 | Rabba | Mujhe Kuch Kehna Hai |
| v1832 | Rukhi_rukhi | Mast |

To download a monotone on Nokia / Samsung/LG Handsets of all opertors sms RT Code to 57007
other handsets of all operators except TATA Indicom, sms ORT CODE to 57007
Rate per monotone download is Rs. 7/- for BSNL, Reliance, TATA Indicom, for others Rs.10/-
just type RT/ORT V ID and send SMS to 57007
Powered by

| Write Massage Select 1 | RT V7534 or ORT V7534 Option 2 | Phone Number OK | Ring Tone Received Option 4 |
|---|---|---|---|


# वेटिकन ने हैरी पाटर की निंदा की

## गलत किस्म का नायक बताया

लंदन, 16 जनवरी (भाषा)। वेटिकन सिटी ने जादू-टोना तथा तंत्र विद्या को प्रोत्साहन देने के लिए जे.के. रालिंग के लोकप्रिय पात्र हैरी पाटर की निंदा की है और उसे गलत किस्म का नायक बताया है।

वेटिकन के आधिकारिक समाचार पत्र एल. ओजरवेटर रोमानों ने इस लोकप्रिय बाल जादूगर की जादू-टोना और तंत्र विद्या को प्रोत्साहन देने के लिए निंदा की है।

पाटर श्रृंखला पर चर्च का यह ताजा नजरिया है। 'द डबल फेस आफ हैरी पाटर' शीर्षक से प्रकाशित लेख में अंग्रेजी भाषा के एक विशेषज्ञ ने कहा कि व्याख्या में अलग मूल्य होने के बावजूद कहानी के मूल में जादू टोना को सकारात्मक आदर्श के रूप में पेश किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चीजों का हिंसक तरीके से हेर फेर किया गया है और लोग तंत्र विद्या की जानकारी के लिए शुक्रिया अदा कर रहे हैं।

अंत में साधनों को यह कहकर उचित ठहराया गया है कि बुद्धिजीवी यह जानते हैं कि कैसे अंधकारमय शक्तियों पर नियंत्रण किया जाए और उन्हें अच्छी शक्तियों में बदला जाए। उन्होंने कहा कि यह गहरा और गंभीर झूठ है। द डेलीग्राफ के अनुसार फ्लोरेंस विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एडवर्डो रियल्टी ने सी.एस.लेविस की क्रानिकल्स आफ नर्निया और जे. आर. आर. टाकीन की द लार्ड आफ द रिंग्स से पाटर की साम्यता स्थापित करने की कोशिश की है।



बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित आठवें 'नो इंडिया प्रोग्राम' के दौरान प्रतिभागियों से बातचीत करती हुईं राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल।

# पृथक तेलंगाना के लिए द्वितीय एसआरसी अनिवार्य नहीं : कांग्रेस

## तेलंगाना पर अलग-अलग बयान दे रहे हैं कांग्रेस नेता

नई दिल्ली, 16 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पृथक तेलंगाना और द्वितीय राज्य पुनर्गठन आयोग को लेकर कांग्रेस के विभिन्न नेता जिस तरह से अलग-अलग बयान दे रहे हैं, उससे लगता है कि पार्टी अभी तक इस बारे में कोई स्पष्ट निर्णय नहीं ले सकी है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी विरप्पा मोइली भी कुछ दिनों पहले इस बारे में पहले दिये गये अपने बयान से पलट चुके हैं। और आज बारी कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की थी। कुछ दिनों पहले सिंघवी ने भी पृथक तेलंगाना के लिए द्वितीय एसआरसी के गठन की बात की थी, इसके विपरीत उन्होंने आज स्पष्ट कहा कि किसी नये राज्य के लिए एसआरसी का गठन कोई अनिवार्य शर्त नहीं है और इसके बगैर भी तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा दिया जा सकता है। सिंघवी ने कहा कि अगल राज्य के लिए उस क्षेत्र की जनभावना को ध्यान में रखा जाता है और इसके लिए राजनीतिक दलों में भी सहमति होनी बहुत जरूरी है। कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा द्वितीय एसआरसी के गठन को लेकर काफी पहले प्रस्ताव पारित करने की बात करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि आखिरी फैसला सरकार को लेना होता है और पार्टी इसमें कुछ नहीं कर सकती है। पृथक तेलंगाना के बारे में पूछे जाने पर सिंघवी ने कहा कि यह एसआरसी के बगैर भी पूरा हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बारे में गठित प्रणव मुखर्जी समिति काफी गंभीरता से अपना काम कर रही है और हमें इसके रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि पृथक तेलंगाना कांग्रेस के एजेंडे में शामिल है और इसे पूरा करने के लिए सभी राजनीतिक दलों के बीच आपसी सहमति होना बहुत जरूरी है। सिंघवी ने तो यह भी कहा कि द्वितीय एसआरसी के गठन पर केंद्र सरकार कोई विचार नहीं कर रही है, जबकि सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कैबिनेट स्तर पर इस बारे में गंभीरता से विचार किया जा रहा है और सरकार द्वितीय एसआरसी का गठन कर सकती है। हालांकि सिंघवी ने पृथक तेलंगाना के साथ ही उत्तर प्रदेश से अलग पृथक बुंदेलखंड की बात भी कही। द्वितीय एसआरसी के गठन पर पार्टी के मत के बारे में पूछे जाने पर उन्होनं कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं देते हुए कहा कि इसका गठन कांग्रेस को नहीं बल्कि केंद्र सरकार को करना है। तेलंगाना राष्ट्र समिति के नेता के. चंद्रशेखर राव द्वारा पृथक तेलंगाना को लेकर दिये गये, धमकी के बारे में पूछे जाने पर सिंघवी ने कोई प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया, लेकिन उन्होंने विरप्पा मोइली के बयान से अलग बयान देते हुए कहा कि पृथक तेलंगाना का गठन द्वितीय एसआरसी के माध्यम से भी किया जा सकता है। दूसरी तरफ विरप्पा मोइली ने आज कहा कि पृथक तेलंगाना को लेकर कांग्रेस अपना मत स्पष्ट कर चुकी है, और अब इस बारे में आम सहमति बनाने की कोशिश की जा रही है। चंद्रशेखर राव की धमकी पर टिप्पणी करते हुए मोइली ने कहा कि तेलंगाना मसले पर कोई एक पार्टी निर्णय नहीं ले सकती है और इसमें सभी को सहयोग करना होगा। हालांकि विभिन्न कांग्रेस नेताओं के बयान से यह तो स्पष्ट है कि पृथक तेलंगाना का गठन होगा, लेकिन कैसे और कब, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।


शौकीन लोग भी इस्तेमाल करके असर देखें
जापानी तेल™
पुरूषों में ताकत के लिए लोकप्रिय
जापानी तेल की खूबियाँ लगाने के बाद महसूस करें ।
मर्दों का है जमाना
सभी मेडीकल व आयुर्वेदिक स्टोर पर उपलब्ध ।



WORLD CLASS TREATMENT
DR. RAI
Estd:1950
डॉ. राय क्लीनिक
27807796, 27717839
Oldest Clinic with Latest Technology


# हनीफ की वीजा बहाली को चुनौती नहीं देगी आस्ट्रेलिया सरकार

## आस्ट्रेलिया वापसी का रास्ता साफ

मेलबोर्न, 16 जनवरी (भाषा)। आस्ट्रेलिया सरकार ने आज भारतीय चिकित्सक मुहम्मद हनीफ का वीजा बहाल करने के संघीय अदालत के निर्णय के खिलाफ अपील न करने का निर्णय किया। इससे हनीफ की आस्ट्रेलिया वापसी का रास्ता साफ हो गया है। आप्रवासन एवं नागरिकता मंत्री क्रिस एवांस ने कहा कि बेंगलूर के 27 वर्षीय चिकित्सक के मामले में महाधिवक्ता की सलाह को देखते हुए वह उच्च न्यायालय में अपील नहीं करेंगे। ब्रिटेन में छह महीने पहले विफल आतंकवादी साजिश से हनीफ का ताल्लुक गलत तरीके से जोड़ दिया गया था और उन्हें देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। मीडिया की ताजा रिपोर्टों के अनुसार सीनेटर एवांस ने कहा, 'बहरहाल आव्रजन कानून के चरित्र संबंधी प्रावधान लागू करने के लिए पूर्ण संघीय अदालत के निर्णय के नतीजों पर मैंने अपने विभाग से सलाह मांगी है।' एवांस ने एक बयान में कहा, 'सलाह मिलने पर मैं विधायी संशोधन की जरूरत पर गौर करूंगा।' आतंकवाद के आरोपों से हनीफ के बरी होने पर संघीय अदालत ने 21 दिसंबर को उनका कामकाजी वीजा बहाल कर दिया था। आप्रवासन मंत्री केविन एंड्रयूज ने चरित्रगत आधार पर हनीफ का वीजा रद्द कर दिया गया था। उन्होंने इसके लिए ब्रिटेन में आतंकवादी साजिश के संदिग्धों सबील और कफील अहमद से हनीफ के रिश्ते को आधार बनाया था। संघीय अदालत के निर्णय के बाद हनीफ अगर चाहें तो 457 दिनों के अस्थाई वीजा की शर्तों के तहत काम करने के लिए आस्ट्रेलिया आ सकते हैं। क्वींसलैंड हेल्थ ने गोल्ड कोस्ट अस्पताल में हनीफ को मेडिकल रजिस्ट्रार नियुक्त किया था।


वार्ता वार्त

# HELP LINE

FOR BOOKING SUBSCRIPTIONS OF VAARTTHA, SWATANTRA VAARTTHA & PAADIPANTALU

*Please Contact:*

DURING OFFICE HOURS:
040-64541763

Before/After Office Hours:
P. Tirumal Rao - 9912819998
D. Rami Reddy - 9848992863



BSNL LANDLINE
बीएसएनएल की ओर से इन त्यौहारों के मौकों पर पाइए कुछ अतिरिक्त
उचित—प्रीपेड मोबाईल कनेक्शन #
BSNL MOBILE
बीएसएनएल के नये लैन्ड लाइन कनेक्शन के साथ
आपको केवल इतना करना है
नया बीएसएनएल लैन्ड लाइन कनेक्शन बुक करें तथा बीएसएनएल का पूर्व भुगतान किया हुआ मोबाईल कनेक्शन (सिम) एवम् रु 300/- का रिचार्ज कूपन पूर्ण रूप से मुफ्त प्राप्त करें ।
प्रस्ताव 31-01-2008 तक ही वैध है ।
जल्दी कीजिए !
इस उत्सव के पेशकश का तत्काल लाभ उठाइये ।
# शर्तें लागू

31-01-2008 तक क्रमागत रूप से ग्राहक नये लैन्ड लाइन कनेक्शन # पर मुफ़्त इंस्टालेशन सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

रिचार्ज कूपन पर अतिरिक्त टॉक-टाइम का आनन्द लीजिए

| रिचार्ज कूपन रु. | विद्यमान टॉक-टाईम रु. | उत्सव की मौसमी पेशकश (नया टॉक-टाईम) रु. |
|---|---|---|
| 1000 | 900 | 1000 |
| 2000 | 2400 | 2500 |
| 2500* | 2500 | 3125 |
| 3000 | 3000 | 3750 |
| 5000 | 6700 | 7500 |

जल्दी कीजिए ! प्रस्ताव की अवधि सीमित है । केवल 23-03-2008 तक ही है ।
रु. 2500/- का रिचार्ज कूपन फ्लेक्सी रिचार्ज रूप में उपलब्ध है।
सेवा कर अतिरिक्त है।
For more details: Call Me 9400024365 24 hours 365 days
Selected Superbrand India 2006-07 Consumer Validated
BSNL Connecting India
आं. प्र. दूरसंचार सर्कल
www.ap.bsnl.co.in
गीतों, चुटकुलों, समाचारों एवं क्रिकेट के लिए अपने बीएसएनएल मोबाईल/लैंड लाइन फोन से 12555 डायल करें । रेलवे पीएनआर पूछताछ के लिए 1255599 डायल करें। लैंड लाइन के लिए कॉल दरः रु. 1.20, 30 सैकेन्ड की पल्स के लिए है और मोबाइल के लिए : 5 रु. प्रति मिनट है ।


Printed and published by Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dr. Radhey Shyam Shukla, *Responsible for selection of News under the PRB Act., Postal Licence H/SD/380/06-08, Phone:27644999. Fax:27642512, **RNI** No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.